रबड़ इंडस्ट्री को लील रही इंपोर्ट ड्यूटी

- सांसद केपी को उद्यमियों ने बनाया अपना 'दूत'
- 150 से घटकर 100 से भी कम रह गई रबड़ यूनिटों की संख्या
- जालंधर में टेक्नो-कामर्शियल सेमिनार करवाया

संवाददाता, जालंधर : कच्चे माल की बेकाबू कीमतों के बीच सरकार की नीतियां रबड़ इंडस्ट्री पर भारी पड़ रही हैं। जालंधर में ही रबड़ यूनिटों की गिनती 150 से घट कर 100 से भी नीचे रह गई है। आल इंडिया रबड़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने जालंधर रबड़ गुड्स मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन के साथ मिलकर टेक्नो-कामर्शियल सेमिनार किया। इस मौके पर उद्यमियों ने अपनी समस्याओं पर भी चर्चा की।

सेमिनार के मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश प्रधान एवं सांसद मोहिंदर सिंह केपी को रबड़ इंडस्ट्री की समस्याएं बताते हुए आल इंडिया रबड़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन मोहिंदर गुप्ता ने कहा कि कच्ची रबड़ पर 20 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी है, जबकि रबड़ से बनी चीजें इंपोर्ट करने पर 10 फीसदी ड्यूटी है। इससे भारतीय बाजार में विदेश से आई चीजें आसानी से बिक जाती हैं, लेकिन घरेलू इंडस्ट्री महंगे कच्चे माल के कारण कंपीटीशन में कमजोर पड़ जाती है। उन्होंने कच्चे माल की किल्लत पर भी रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन इंडस्ट्री को अपडेट करने तथा हुनरमंद कर्मचारी तैयार करने के लिए भी काम कर रही है।

शनिवार को टेक्नो-कामर्शियल सेमिनार के दौरान मुख्य अतिथि सांसद मोहिंदर सिंह केपी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते मोहिंदर गुप्ता, बीबी ज्योति, अशोक मागू, एनएसआईसी के गुरपाल सिंह व अन्य।

वहीं जालंधर रबड़ गुड्स मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रधान बीबी ज्योति व महासचिव अशोक मागू ने जालंधर की रबड़ की समस्याओं के बारे में बताया। सांसद मोहिंदर सिंह केपी ने कहा कि वह केंद्र में रबड़ इंडस्ट्री की समस्याओं को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री की ग्रोथ से ही देश तरक्की कर सकता है। सांसद केपी की 'दूत' की अहम भूमिका से उद्यमियों को बहुत उम्मीदें हैं।

इस मौके पर मनीशा शर्मा, डा. आर. उपाध्याय, उद्यमी नेता गुरशरण सिंह, आरएस पाली स्पीडवेज, नट्स एंड बोल्ट्स एसोसिएशन के प्रधान डीएल सभ्रवाल, केएल जैन, शांति स्वरूप, विजय शर्मा व जालंधर रबड़ गुड्स मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन के वीपी नायर, चेयरमैन मुकंद गुप्ता, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट आरके हजराय व विनय गुप्ता भी उपस्थित थे।

मंडी में मक्की की फसल को संभालते हुए मजदूर।

समस्याएं हल करवाने का करेंगे प्रयास : सूद

- वकीलों ने किया सुभाष सूद का स्वागत

वरिष्ठ संवाददाता, जालंधर : भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला प्रधान